# 'मतदाता जागरूकता अभियान' के तहत एक्सटेंशन गतिविधि का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 13 सितंबर, 2023 को गांव रामराय में 'मतदाता जागरूकता अभियान' के तहत एक्सटेंशन गतिविधि का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत वहां के ग्रामीणों को मताधिकार का महत्व समझाया गया। महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्षा श्रीमती नीलम के द्वारा एक व्याख्यान दिया गया। जिसमें उन्होंने वहां के लोगों को मत के अधिकार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि मतदान करते समय हमें नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखना चाहिए। इसके साथ-साथ उन्होंने मतदान में समाज के वंचित वर्ग की भागीदारी को बढ़ाने की बात भी की। इस मौके पर श्रीमती नीलम ने ग्रामीणों को मतदाता शपथ भी दिलवाई, जिसमें ग्रामीणों ने शपथ ली कि वे अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की 100 छात्राओं ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में गणित की विभागाध्यक्षा श्रीमती अंजू, समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती ज्योति की उपस्थिति गरिमापूर्ण रही। राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा करवाए गए इस जागरूकता अभियान के संदर्भ में महाविद्यालय प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार व मत के महत्व का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है।








# प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना ही करें अपना मतदान : नीलम



कार्यक्रम में शपथ लेती हुई छात्राएं। • विज्ञप्ति

विज्ञप्ति, जींद : हिंदू कन्या महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा रामराय गांव में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को मताधिकार का महत्व समझाया गया। राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्षा नीलम ने कहा कि मतदान करते समय नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखना चाहिए। बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए मतदान करना चाहिए।

उन्होंने मतदान में समाज के वंचित वर्ग की भागीदारी को बढ़ाने की बात भी की। इस मौके पर नीलम ने ग्रामीणों को मतदाता शपथ भी दिलवाई। इसमें ग्रामीणों ने शपथ ली कि वे अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए, निर्भीक होकर, मतदान करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में गणित की विभागाध्यक्ष अंजू, समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष ज्योति मौजूद रहीं।